बिहार सरकार

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

पत्रांक– वि०प्रा०एवंत०शि०वि०(IV)योजना–28/2021–          /पटना, दिनांक–

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं हक०),
वीरचन्द पटेल पथ,
बिहार, पटना।

विषय – विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन स्थापित एवं संचालित 17(सत्रह) राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में आवश्यक मशीनें एवं उपस्कर के क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु अतिरिक्त कुल राशि रू० 12,40,00,000.00 (बारह करोड़ चालीस लाख रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 में संबंधित संस्थानों को राशि विमुक्त करने के संबंध में।

आदेश– स्वीकृत।

राज्य सरकार ने 17(सत्रह) राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों, यथा मोतिहारी /मधेपुरा/छपरा/बाढ/बेतिया/सहरसा/सीवान/बक्सर/टेकारी,गया/पूर्णियाँ/सुपौल /मुजफ्फरपुर/नवीन राजकीय पोलिटेकनिक पटना–13/ब्रज किशोर नारायण सिंह राजकीय पोलिटेकनिक, गोपालगंज/राजकीय महिला पोलिटेकनिक, फुलवारीशरीफ, पटना/राजकीय महिला पोलिटेकनिक, मुजफ्फरपुर/ बदृदीउज्जमाँ खॉ पोलिटेकनिक इन्स्टीच्यूट, पुपरी, सीतामढ़ी के द्वारा उपलब्ध कराये गये अधियाचना के आधार पर दिनांक–30.01.2024 को सम्पन्न विभागीय स्थायी वित्त समिति की बैठक में की गयी अनुशंसा के आलोक में उक्त संस्थानों में आवश्यक मशीनें एवं उपस्कर के क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु अतिरिक्त कुल रू. 12,40,00,000.00 (बारह करोड़ चालीस लाख रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 में संबंधित संस्थानों को राशि विमुक्त करने की स्वीकृति निम्नवत् प्रदान की है:–

| क्र0 सं0 | संस्थान का नाम | स्वीकृत राशि(मशीन एवं उपस्कर–अन्य(52 02)) |
|---|---|---|
| 1 | राजकीय पोलिटेकनिक, मोतिहारी | 1,25,00,000 |
| 2 | राजकीय पोलिटेकनिक, मधेपुरा | 80,00,000 |
| 3 | राजकीय पोलिटकेनिक, छपरा | 80,00,000 |
| 4 | राजकीय पोलिटेकनिक, बाढ़ | 50,00,000 |
| 5 | राजकीय पोलिटेकनिक, बेतिया (पश्चिम चंम्पारण) | 1,00,00,000 |
| 6 | राजकीय पोलिटेनिक, सहरसा | 1,64,00,000 |
| 7 | राजकीय पोलिटेकनिक, सीवान | 70,00,000 |
| 8 | राजकीय पोलिटेकनिक, बक्सर | 45,00,000 |
| 9 | राजकीय पोलिटेकनिक, टेकारी, गया | 45,00,000 |
| 10 | राजकीय पोलिटेकनिक, पूर्णियाँ | 35,00,000 |
| 11 | राजकीय पोलिटेकनिक, सुपौल | 65,00,000 |
| 12 | राजकीय पोलिटेकनिक, मुजफ्फरपुर | 11,00,000 |
| 13 | नवीन राजकीय पोलिटेकनिक, पटना–13 | 60,00,000 |
| 14 | ब्रज किशोर नारायण सिंह राजकीय पोलिटेकनिक, | 80,00,000 |

| | | |
|---|---|---|
| | गोपालगंज | |
| 15 | राजकीय महिला पोलिटेकनिक फुलवारीशरीफ, पटना | 40,00,000 |
| 16 | राजकीय महिला पोलिटेकनिक, मुजफ्फरपुर | 1,25,00,000 |
| 17 | बद्दीउज्जमाँ खाँ पोलिटेकनिक इन्स्टीच्यूट, पुपरी, सीतामढ़ी | 65,00,000 |
| | **कुल राशि(रूपये में):–** | **12,40,00000.00** |

2. उक्त स्वीकृत राशि, वित्तीय वर्ष–2024–25 के राज्य स्कीम बजट के मांग संख्या–43 के अधीन "मुख्यशीर्ष –4202 शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय, उप मुख्यशीर्ष –02 तकनीकी शिक्षा, लघुशीर्ष–104–बहुशिल्प तथा संस्थान के उपशीर्ष–0109–पोलिटेकनिक (निश्चय) के अधीन –52 02 मशीनें एवं उपस्कर–अन्य विषयशीर्ष में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा, जिसका विपत्र कोड–43–4202021040109 है।

3. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संस्थानों के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य होंगे।

4. इस राशि की निकासी सबंधित कोषागार से की जायेगी।

5. उक्त राशि से सामग्रियों का क्रय GEM पोर्टल से किया जाएगा। GEM पोर्टल पर सामग्रियों की अनुपलब्धता की स्थिति में बिहार वित्त (संशोधन) नियम, 2024 के आलोक में सामग्रियों की खरीदारी की जाएगी।

6. उक्त स्वीकृत राशि से नियमानुसार क्रय की जाने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता के लिए संस्थान के प्राचार्य सीधे जिम्मेवार होंगे तथा क्रय की गई मशीनें, उपकरण एवं उपस्कर की सूची सहित उसके अधिष्ठापन संबंधी प्रतिवेदन अविलंब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। किसी भी परिस्थिति में आवश्यकता से अधिक सामग्री की खरीदारी नहीं की जायेगी।

7. उक्त स्वीकृत राशि की निकासी, वित्तीय वर्ष–2024–25 में विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अधीन निर्गत आवंटन तक सीमित रहेगा।

8. यह आदेश वित्त विभाग के संकल्प संख्या–12888/वि०, दिनांक–03.12.2024 के आलोक में सक्षम स्वीकृति प्राधिकार के अनुमोदनोपरांत आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जाता है तथा आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका सं० – वि०प्रा०एवं त०शि०वि०(IV)योजना–28/2021 के पृ०– 148/टि0 पर प्राप्त है।

9. वित्त विभाग के पत्रांक–7355 वि0 (2), दिनांक–05.10.2007 अनुसार इस योजना के लिए प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह०/–
(अहमद महमुद)
अपर सचिव,
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– वि०प्रा०एवंत०शि०वि० (IV)योजना –28/2021– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

अपर सचिव

ज्ञापांक– वि०प्रा०एवंत०शि०वि० (IV)योजना–28/2021– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– कोषागार पदाधिकारी, सबंधित जिला कोषागार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

अपर सचिव

ज्ञापांक– वि०प्रा०एवंत०शि०वि० (IV)योजना –28/2021– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

अपर सचिव

ज्ञापांक– वि०प्रा०एवंत०शि०वि० (IV)योजना –28/2021– 691 /पटना, दिनांक– 11.02.25

प्रतिलिपि– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी(एम०)/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी(बजट)/आई०टी० मैनेजर (E-mail एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड हेतु), विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव